आपसी सहयोग से बनेगा खुशहाल समाज–दादी जानकी

त्रिदिवसीय वैश्विक महोत्सव के आगाज में उमड़ा जन सैलाब

बेटियों को न मारें पंजाब हरियाणा के लोग– चावला

अमृतसर, 10 अक्टूबर, निसं। देश व दुनियां में अमन चैन और वर्तमान समस्याओं के सम्पूर्ण समाधान के ध्येय से स्वर्णिम दुनियां की स्थापना के लिए परमात्मा का अवतरण विषय पर जब त्रिदिवसीय विश्व महोत्सव का आगाज हुआ तो पूरे माहौल में खुशियों की बयार बह उठी। विश्व में सबसे स्थिर चित्त महिला के खिताब से नवाजी जा चुकी अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान की मुख्य प्रशासिका रायजोगिनी दादी जानकी ने उपस्थित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति कभी भी आपसी कटुता और दैहिक भेदभाव को स्थान नहीं देती। हम सबका खुशहाल जीवन आपसी भाईचारे में है ना कि भेदभाव में। आज लगता ही नहीं कि विश्व गुरू का दर्जा हासिल करने वाला वही भारत देश है जिसके लिए पूरे विश्व में जाना जाता रहा है।

94 वर्षीय राजयोगिनी दादी जानकी फोर्जी स्कार्ट हास्टिपल के पास विश्व शांति भवन के मैदान में आयोजित महोत्सव में लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आओ हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करें जिसकी छांव में लोगों को अतिन्द्रिय सुखों का एहसास हो। उन्होंने आत्मा और शरीर के भेद का स्पष्टीकरण करते हुए कहा कि हम सभी आत्मायें एक परमात्मा एक के है और एक घर के है। आज समाज में इतनी समस्यायें है कि उसका समाधान हम सबको मिलकर निकालना होगा।

पंजाब की स्वास्थ्यमंत्री बहन लक्ष्मी कान्त चावला ने कहा कि पंजाब में खासकर अमृतसर की धरती धन्य है जहाँ महापुरूषों के चरण पड़ते रहते हैं। कोई भी पशु अपना बच्चा नहीं खाता परन्तु पंजाब और हरियाणा में दस हजार बच्चियों को मार दिया जाता है। उन्होंने लोगों से गुजारिश की कि समाज में ऐसी क्रान्ति का आगाज किजिये जिससे बालात्कार और बुराईयों का अन्त हो। मिलावट, बेईमान पोलिटिशियन भी रावण, तो भ्रष्टाचारी भी रावण है तो इसे इस वर्ष जलाईये ंऔर नये सवेरा लाईये। इस कार्यक्रम से ऐसी ही प्रेरणा मिलेगी।

भारत सरकार के मुख्य आयकर आयुक्त गुलाम रसूल सूफी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे एक नयी सुबह बताया। कार्यक्रम में जर्मनी से आयी ब्र0 कु0 सुदेश ने पूरे विश्व में नये सवेरा लाने में सहयोगी बनें। नगरपालिका मेयर श्वेत मलिक, विधायक अनिल जोशी, ओपी सोनी, तहसीलदार परमजीत सिंह आदि ने भी अपने–अपने विचार व्यक्तकिये।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में कई स्कूल के बच्चियों ने सांस्कृतिक संध्या प्रस्तुत कार्यक्रम की रंगारंग शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप जलाकर महोत्सव का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर आये सभी अतिथियों ने दादीजानकी को मोमेन्टों भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पंजाब जोन के निदेशक ब्र0 कु0 अमीर चन्द, प्रभारी राजयोगिनी ब्र0 कु0 अचल, अमृतसर सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्र0 कु0 राज समेत कई वक्ताओं ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किये।

फोटो, 1, 2, 3, 4 दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन करते अतिथि सभा में उपस्थित लोग।